*No. of Printed Pages : 4*

**APO-02**

## 2016

# सामान्य हिन्दी

### द्वितीय प्रश्न-पत्र

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 100*

**नोट :** *(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके दाहिनी ओर अंकित हैं ।*

*(iii) पत्र लेखन सम्बन्धी प्रश्न के उत्तर में अपना नाम, पता तथा अनुक्रमांक न लिखें । यदि अनिवार्य हो तो क्ष, त्र, ज्ञ (x, y, z) लिख सकते हैं ।*

1. किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए : **15**

(क) विज्ञान और जीवन

(ख) पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं

(ग) सदाचार

2. साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है । इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती है । पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का जीता-जागता गवाह है । इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है । पुस्तकालय भारत के लिए कोई नयी वस्तु नहीं है । लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरंतर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं । पहले देवालय, विद्यालय और नृपालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे । इनके अतिरिक्त विद्वज्जनों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे । मुद्रणकला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी । आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी सम्पत्ति लगती है, उतनी उन दिनों कभी-कभी एक-एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी । भारत के पुस्तकालय संसार भर में अपना सानी नहीं रखते थे । प्राचीन काल से मुगल सम्राटों के समय तक यही स्थिति रही । चीन, फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुण्ड-के-झुण्ड विद्यानुरागी लंबी यात्राएँ करके भारत आया करते थे ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । **2**

(ख) इस गद्यांश का भावार्थ लिखिए । **3**

(ग) रेखांकित अंशों का आशय अपनी भाषा में स्पष्ट कीजिए । **5**

3. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए : 5

तुलसीदास के ग्रंथों द्वारा हमारा एक और महान उपकार हुआ है । वह है भाषा के सहारे हिन्दुत्व और हिन्दू संस्कृति का संरक्षण । तुलसी की कवित्व-शक्ति का विचार विश्लेषण करने की चेष्टा मैं नहीं करूँगा । ऐसा करना मेरे लिए अनधिकार चेष्टा ही होगी, पर भावों के महत्त्व के साथ ही उनकी भाषा का माधुर्य हमें आनन्द-रस से भर देता है । उनकी अवधी और ब्रजभाषा की शब्दावली की झंकार से हमारा चित्त प्रीति-रस-सिक्त हो जाता है । देवभाषा और लोकभाषा दोनों के ताने-बाने से कैसा अपूर्व धूप-छाँह वस्त्र उन्होंने बनाया । इसमें संस्कृत शब्द कैसे सुन्दर, सरस और सहज भाव से आ जाते हैं, इसमें कुछ भी कठिनाई, कुछ भी पंडिताई नहीं दीख पड़ती ।

4. प्रदेश सरकार द्वारा जारी कोविड प्रोटोकॉल का कार्यालय में पालन न किए जाने के संबंध में कार्यालय के सक्षम अधिकारी के लिए टिप्पणी लिखिए । 5

5. किन्हीं **पाँच** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 5

अगम, आध्यात्मिक, उत्कर्ष, उपकार, कुफल, खंडन, जड़, घात, तृप्ति, निर्दोष

6. किन्हीं **पाँच** समोच्चरित शब्द-युग्मों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 5

(क) अजर-अजिर

(ख) अभय-उभय

(ग) अलि-अली

(घ) अनिल-अनल

(ङ) उपेक्षा-अपेक्षा

(च) कपिश-कपीश

(छ) निर्माण-निर्वाण

(ज) क्षति-क्षिति

(झ) क्षात्र-छात्र

(ञ) दिवा-दीवा

7. निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 10

All of us want to achieve a big goal in life. For this many big tasks have to be done. Which often involve many difficulties. It is better that we choose to do small tasks or divide big tasks into small tasks in the beginning rather than be eager to accomplish the big tasks at once. It is suitable to do small tasks in the beginning because they can be easily accomplished and we can get success.

8. किन्हीं **पाँच** शब्द समूहों के लिए एक–एक शब्द लिखिए : 5

(क) तर्क के बिना मान लिया गया विश्वास

(ख) जिसके खंड या टुकड़े न किए गए हों

(ग) जिसका कभी जन्म न हो

(घ) जो कुछ न जानता हो

(ङ) जो सबको समान भाव से देखे

(च) जिसकी उपमा न की जा सके

(छ) जिसका अस्तित्व अल्पकाल तक रहे

(ज) जिसमें सामर्थ्य न हो

(झ) आत्मा और ईश्वर से संबंध रखने वाला

(ञ) जो किए जाने या करने योग्य हो

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** उपसर्गों से पाँच शब्द बनाइए : 5

अति, अधि, नि, अनु, अप, अभि, परा, उत्, प्र, प्रति

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दावली का हिन्दी में रूपान्तरण कीजिए : 5

(क) Abandonment

(ख) Adult franchise

(ग) Cash discount

(घ) Counter charge

(ङ) Contingencies

(च) Data processing

(छ) Forwarding letter

(ज) Office note

(झ) Screening committee

(ञ) Recognizance

11. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों में से **पाँच** को शुद्ध कीजिए : 5

(क) यह कविता अनेक भावों को प्रकट करती है ।

(ख) इस ग्रंथ की इतिहासिकता संदिग्ध है ।

(ग) भारत की विदेशिक नीति क्या है ?

(घ) उसने अपना पौरुषत्व प्रमाणित कर दिया ।

(ङ) वह एक आवश्यकीय कार्य से बाहर गया है ।

(च) उनकी भाषा सरल और सुबोधपूर्ण होती है ।

(छ) मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा देखी ।

(ज) वकीलों ने कागजात का निरीक्षण किया ।

(झ) सुधा को अपने रूप पर गौरव है ।

(ञ) प्रेमचंद ने गोदान की रचना लिखी है ।

12. किन्हीं **पाँच** मुहावरों, लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : **5**

(क) अंगारों पर पैर रखना

(ख) अपना उल्लू सीधा करना

(ग) आग में कूदना

(घ) आसमान के तारे तोड़ना

(ङ) कलेजा मुँह को आना

(च) अधजल गगरी छलकत जाय

(छ) एक और एक ग्यारह होते हैं ।

(ज) करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

(झ) घर का भेदी लंका ढाए

(ञ) चिराग तले अंधेरा

13. अधिसूचना क्या होती है ? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए । **10**

**अथवा**

उत्तराखण्ड सरकार के प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त हुए पदों को भरने हेतु शिक्षक भर्ती के लिए प्रेस विज्ञप्ति बनाइए ।

14. कंप्यूटर क्या है ? इसका कार्यालय में क्या उपयोग है और इससे क्या लाभ हैं ? **10**

---